भारत सरकार **GOVERNMENT OF INDIA**
अंतरिक्ष विभाग **DEPARTMENT OF SPACE**
निर्माण एवं अनुरक्षण समूह **CONSTRUCTION AND MAINTENANCE GROUP**
जोधपुर टेकरा **JODHPUR TEKRA**
अहमदाबाद **AHMEDABAD – 380015**
**PHONE NO: (079)26914951, 26914948**

**ई-निविदा सूचना सं. एवं दिनांक**: सैक/सीएमजी/सीपीएचडी/सी/ई/18/2026-27 एवं दिनांकः 05.05.2026

**E-Tender Notice No. & Date:** SAC/CMG/CPHD/C/e/18/2026-27 dated: 05.05.2026

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा के माध्यम से ऑनलाइन प्रतिशत दर संविदा निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।
   On Behalf of the President of India, online Percentage rate tender are invited through E-tendering for the following work.

| क्र.सं. Sl. No | विवरण Description | ब्यौरा Details |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का शीर्षक<br>Title of work | अहमदाबाद के सभी आवासीय कॉलोनियों और मुख्य सैक परिसर, बोपल आवासीय क्षेत्र, 39 एकड़ नए सैक परिसर बोपल में भू-तकनीकी जांच करना।<br><br>Conducting Geotechnical Investigation inside main SAC Campus, Bopal residential area, 39 acres New SAC Campus Bopal and all residential colonies at Ahmedabad. |
| 2. | निविदा के लिए निर्धारित अनुमानित लागत।<br>Estimated cost put to tender | ₹ 20.16 लाख Lakhs |
| 3. | कार्य पूरा होने की अवधि, महीनो में, जिसे कार्य आदेश जारी होने की तिथि के **15** वें दिन से गिना जाए ।<br>Period of completion in months reckoned from the 15th day of date of issue of work order. | 12 माह Months |
| **4.** | अवधि जिसके दौरान निविदा दस्तावेज डाउनलोड किया जा सकता है।<br>Period during which the tender document can be downloaded. | 13.05.2026 (10.00 बजे) से 21.05.2026 (17.00 बजे) तक ।<br>From 13.05.2026 (10.00 hrs) to 21.05.2026 (17.00 hrs) |

| क्र.सं. Sl. No | विवरण Description | ब्यौरा Details |
|---|---|---|
| 5. | बोली स्पष्टीकरण<br>Bid clarifications | 13.05.2026 (10.00 बजे) से 25.05.2026 (17.00 बजे) तक ।<br>From 13.05.2026 (10.00 hrs) to 25.05.2026 (17.00 hrs) |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय<br>Last date & time of submission of tenders | 29.05.2026 को 17.00 बजे तक ।<br>29.05.2026 up to 17.00 hrs |
| 7. | निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय<br>Due date and time of opening of tenders | 01.06.2026 को 11.00 बजे के बाद ।<br>01.06.2026 after 11.00 hrs. |
| 8. | बयाना जमा राशि (ईएमडी)<br>Earnest money deposit (EMD) | ₹ 40,320.00 |

2. अर्हता मापदंड - **Eligibility Criteria:**
   एजन्सी निम्नलिखित शर्त को पूरा करती होनी चाहिए: **The agency shall fulfill the following conditions.**

| क्र.सं. Sl.No | अर्हता मापदंड **Eligibility Criteria** | अर्हता हेतु दस्तावेजी प्रमाण (स्व-प्रमाणित प्रतियां भेजी जाएं) **Documentary proof for the eligibility (Self attested copies to be submitted)** |
|---|---|---|
| a | बोली प्रस्तुत करने के अंतिम दिन से पिछले सात वर्षों के दौरान नीचे दिए गए कार्यों को संतोषजनक रूप से पूर्ण किया होना चाहिए।<br>The bidder should have satisfactorily completed the similar works comprising as mentioned below during the last seven years ending previous day of last date of submission of bids.<br>i. तीन समान कार्य, प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत के 40% से कम नहीं होना चाहिए यानि **₹ 8.06** लाख (या)<br>Three similar works each costing not less than 40% of the estimated cost. i.e. **Rs. 8.06 Lakhs** (Or)<br>ii. दो समान कार्य, प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत के 60% से कम नहीं होना चाहिए यानि **₹ 12.10** लाख (या)<br>Two similar works each costing not less than 60% of the estimated cost. i.e. **Rs. 12.10 Lakhs** (Or)<br>iii. एक समान कार्य, प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत के 80% से कम नहीं होना चाहिए यानि ₹ **16.13** लाख । | i. कार्य आदेशों की प्रमाणित प्रति तथा कार्य अनुभव स्थापित करने से संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी पूर्णता प्रमाणपत्र ।<br>Certified copy of work orders and completion certificates issued by the authority concerned to establish work experience.<br>ii. निजी कंपनियों द्वारा जारी कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र के साथ टी.डी.एस. (स्रोत पर कटौती किया गया कर) प्रमाणपत्र भी देना होगा।<br>Completion certificates for work issued by Private parties shall be supported by TDS (Tax Deducted at Source) certificates. |

| क्र.सं. Sl.No | अर्हता मापदंड **Eligibility Criteria** | अर्हता हेतु दस्तावेजी प्रमाण (स्व-प्रमाणित प्रतियां भेजी जाएं) **Documentary proof for the eligibility (Self attested copies to be submitted)** |
|---|---|---|
| | One similar work costing not less than 80% of the estimated cost. i.e. **Rs. 16.13 Lakhs**. | |
| | नोट **Note :** i) समान कार्य से आशय "**भू-तकनीकी कार्य**" होगा । <br> Similar work shall mean works of "**Geotechnical works**" <br> ii) कार्य के वास्तविक मूल्य को 7% प्रति वर्ष की दर से साधारण ब्याज के अनुसार वृद्धि कर किए गए वर्तमान लागत निर्धारण स्तर पर लाया जाएगा। इसकी गणना कार्य पूर्ण होने की तिथि से लेकर बोली जमा करने की अंतिम तिथि की अवधि हेतु की जाएगी। <br> The value of executed works shall be brought to current costing level by enhancing the actual value of work at simple rate of 7% per annum, calculated from the date of completion to last date of submission of bids. <br> iii) उप संविदा अथवा संयुक्त आधार पर संपन्न किए गए कार्य को पात्रता/आकलन के योग्य नहीं माना जाएगा। <br> Work executed as sub-contract or joint-venture will not merit for eligibility/ evaluation. | |
| b | पीएफ एवं ईएसआई पंजीयन होना चाहिए। <br> Should have PF and ESI registration. | **लागू नहीं Not Applicable** |

3. निविदा विज़ार्ड पर पंजीयन करके और निविदा प्रकिया शुल्क का भुगतान करके ई-निविदा वेबसाइट www.tenderwizard.com/ISRO से निविदा दस्तावेज डाउनलोड किया जा सकता है। विक्रेता पंजीयन प्रक्रिया को उपर्युक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है। निविदा प्रकिया शुल्क ई-गेटवे के माध्यम से मैसर्स आईटीआई लि. को देय होगा।

   Tender documents can be downloaded from web site www.tenderwizard.com/ISRO by registering with tender wizard and paying tender processing fee. The procedure for vender registration is displayed in the above web site. Tender processing fees is payable to M/s. ITI Ltd through E- gateway.

   निविदा को केवल डाउनलोड कर लेने से बोलीकर्ता बोली प्रक्रिया में भाग लेने का पात्र नहीं होगा। निविदाकार द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों को बाद में विभाग द्वारा सत्यापित किया जाएगा। आवश्यकता के अनुरूप न पाए जाने वाले प्रस्तावों को रद्द कर दिया जाएगा।

   Downloading of tender documents alone will not make a tenderer eligible for participating in the bidding. The documents uploaded by the tenderers will be subjected to verification subsequently by Department. If found not meeting the requirement, such offers will be rejected.

4. (a) निविदा के साथ उपर्युक्त पैरा 1 में उल्लिखित मूल्य की बयाना जमा राशि संलग्न होनी चाहिए, जो किसी अनुसूचित बैंक द्वारा लेखा अधिकारी, सैक, अहमदाबाद के पक्ष में जारी कॉल रसीद / मियादी जमा / डिमांड ड्राफ्ट अथवा बैंक गारंटी के रूप में होनी चाहिए। बयाना जमा राशि, निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि से 180 दिनों तक मान्य होनी चाहिए। बयाना जमा राशि यदि डीडी के रूप में प्रस्तुत की गई है, तो निविदाओं के खोलने के तुरंत बाद इन्हें भुना लिया जाएगा और असफल निविदाकारों को बयाना जमा राशि विभाग द्वारा चेक/इलेक्ट्रनिक माध्यम से वापस भेजी जाएगी।

   Tenders should be accompanied with Earnest Money Deposit for value specified in Para 1 above, in the form of Deposit at Call receipt/ Term Deposit Receipt/ Demand Draft of any Scheduled Bank issued in favour of "**Accounts Officer SAC, Ahmedabad**" (or) in the form of Bank guarantee issued by a scheduled bank. Earnest Money Deposit shall be valid for 180 days from the due date of receipt of tenders. In Case EMD in the form of DD is furnished, the same will be encashed immediately on opening of tenders and

refund of EMD for unsuccessful tenderers will be made through Cheque /electronically by Department.

(b) निविदा लागत/ईएमडी से छूट का दावा करने वाली एमएसई (सूक्ष्म एवं लघु उद्यम) इकाईयों को जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी)/खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड (केवीआईबी)/कॉयर बोर्ड/राष्ट्रीय लघु उद्योग आयोग (एनएसआईसी)/हस्तशिल्प तथा हथकरघा निदेशालय अथवा एमएसई मंत्रालय द्वारा निर्दिष्ट किसी अन्य निकाय द्वारा जारी एमएसई (सूक्ष्म और लघु उद्यम) उद्योग आधार ज्ञापन या पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। **ज्ञापन/प्रमाण पत्र निविदा की नियत देय तिथि/बढ़ाई गई तिथि तक वैध होना चाहिए।**

The MSE (Micro & Small Enterprise) units claiming exemption of Tender cost / EMD should submit MSE (Micro & Small Enterprise) UDYOG AADHAAR MEMORANDUM or registration certificate issued by District Industries Centre (DIC) / Khadi & Industries board (KVIB) / Coir board / National Small Industries Corporation (NSIC) / Headate of Handicrafts and handlooms or any other body specified by Ministry of MSE (Micro & Small Enterprise). **The memorandum / certificate shall be valid as on due date / extended due date of the tender.**

5. निविदाएं उपरोक्त पैरा 1 में उल्लेख की गईं निर्धारित तिथि एवं समय पर "**समूह प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण समूह, सैक, अहमदाबाद**" के कार्यालय में खोली जाएंगी।
Tenders will be opened at the Office of the "**Group Head, Construction and Maintenance Group, SAC, Ahmedabad**" on the stipulated date and time specified in Para 1 above.

6. **(a)** निविदा खोलने की नियत तिथि और समय तक या उससे पहले समूह प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण समूह, सैक, अहमदाबाद के कार्यालय में ईएमडी के मूल दस्तावेज पहुँच जाने चाहिए। यदि निविदा खोलने की नियत तिथि या समय से पूर्व वैध ईएमडी प्राप्त नहीं होती है, तो अंतत: निविदा प्रस्ताव को निरस्त कर दिया जाएगा।

Original instrument of EMD shall be submitted to the Office of the Group Head, Construction and Maintenance Group, SAC, Ahmedabad on or before due date and time of opening of tender. If valid EMD is not received on or before due date and time of opening of tender, the tender offer shall be summarily rejected.

**(b) निविदा कीमत/ईएमडी से छूट का दावा करने वाली एमएसई इकाइयां उपर्युक्त पैरा 4 (बी) में उल्लिखित पंजीकरण प्रमाणपत्र या एमएसई (सूक्ष्म एवं लघु उद्यम) उद्योग आधार ज्ञापन की सत्यापित हार्ड प्रति प्रस्तुत करें।**
**The MSE (Micro & Small Enterprise) units claiming exemption of Tender cost/EMD should submit attested hard copy of MSE (Micro & Small Enterprise) UDYOG ADHAR MEMORANDUM or registration certificate as indicated in para 4 (b) above.**

**उपर्युक्त ज्ञापन/प्रमाणपत्र की हार्ड कॉपी समूह प्रधान, निर्माण एवं अनुरक्षण समूह सैक, अहमदाबाद के कार्यालय में देय तिथि तथा निविदा खोले जाने के समय से पूर्व प्रस्तुत की जाए। यदि हार्ड कॉपी देय तिथि तथा निविदा खोले जाने के समय से पूर्व प्राप्त नहीं होती है तो,अंतत: निविदा प्रस्ताव को निरस्त कर दिया जाएगा।**

**The hard copy of above memorandum/ certificate shall be submitted to the Office of the Group Head, Construction and Maintenance Group, SAC, Ahmedabad on or before due date and time of opening of tender. If hard copy is not received on or before due date and time of opening of tender, the tender offer shall be summarily rejected.**

7. निविदा खोलने की नियत तिथि को उपर्युक्त पैरा 4 (बी) के अनुसार केवल बयाना जमा राशि/पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने वाले निविदाकारों की वाणिज्यिक बोलियां ही खोली जाएंगी। तकनीकी एवं वाणिज्यक बोली के खोलने पर, पुन: विस्तृत संवीक्षा एवं मूल्यांकन किया जाएगा। तकनीकी एवं वाणिज्यिक बोली के मूल्यांकन के दौरान, निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों की विस्तृत जाँच की जाएगी। यदि यह पाया जाता है कि कोई निविदा अर्हता पात्रता को पूरा नहीं करती है तो इसी चरण में यह निरस्त कर दी जाएगी और ऐसे प्रस्तावों को आगे की प्रक्रिया हेतु शामिल नहीं किया जाएगा। निर्दिष्ट तिथि को अलग से, केवल उन्हीं निविदाकारों की मूल्य बोली खोली जाएगी जो निरीक्षण तथा तकनीकी मूल्यांकन के दौरान योग्य पाए जाएंगे (योग्य निविदाकारों को इसकी सूचना दी जाएगी) और निविदा प्रक्रिया/शर्तों के अनुसार आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

   On the due date of opening, the Technical & Commercial bid of those tenderers who furnished Original Earnest Money Deposit / registration certificates as per para 4(b) only will be opened. On opening of Technical & commercial bid further detailed scrutiny / evaluation will be carried out. During the evaluation of techno-commercial bids, the documents furnished by the tenderers will be scrutinized in detail. Any tender, found as not fulfilling the eligibility criteria will be rejected at this stage and such offers will not be considered for further processing. The price bid of only those tenderers who have been qualified during the scrutiny and technical evaluation will be opened separately on a specified date (with due intimation to the qualified bidders) and further processed, as per tender procedure / stipulations.

8. सफल ठेकेदार की बयाना राशि को निष्पादन गारंटी के रूप में रूपांतरित किया जाएगा। स्वीकृति पत्र /कार्य आदेश प्राप्त होने पर बयाना राशि के भुगतान से छूट के मामलों में आकलित लागत की 2% राशि को निष्पादन गारंटी के रूप में शामिल करते हुए तत्काल प्रस्तुत करना होगा।

   Earnest money of the successful contractor will be converted into Performance guarantee. In cases of exemption for payment of Earnest money, separate performance guarantee at 2% of the estimated cost put to tender to be submitted immediately on receipt of letter of acceptance/ work order.

9. निविदा प्रस्तुत करने से पहले इच्छुक निविदाकार, **समूह प्रधान, सीएमजी/ अभियंता-एसजी/ अभियंता-एसएफ/ अभियंता-एसई/ अभियंता-एसडी** की पूर्व अनुमति से, स्थल का निरीक्षण कर सकते हैं।
   Intending tenderers may inspect the site before submitting the tenders, with the prior permission of **Group Head, CMG / Engineer-SG / Engineer-SF/ Engineer-SE/ Engineer-SD**

10. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा स्वीकार करने वाला प्राधिकरण न्यूनतम या किसी अन्य निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है और कोई कारण बताए बिना किसी या प्राप्त सभी निविदाओं को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। वे सभी निविदाएं, जो निर्दिष्ट शर्तों में से यदि किसी शर्त को पूरा नहीं करती हों या कोई शर्त जिसमें निविदाकार द्वारा सशर्त छूट की मांग की गई हो, निरस्त कर दी जाएंगी।

    The tender accepting authority on behalf of President of India is not bound to accept the lowest or any other tender and reserves the authority to reject any or all the tenders received without assigning any reason. All tenders in which any of the prescribed condition is not fulfilled or any condition including that of conditional rebate is put forth by the tenderer shall be summarily rejected.

11. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा स्वीकार करने वाले प्राधिकरण के पास कार्य आदेश जारी करने से पूर्व कार्य के दायरे में परिवर्तन/ अथवा कार्य की मात्रा में कमी करने का भी अधिकार सुरक्षित है तथा निविदाकार इस संबंध में कोई भी दावा नहीं कर सकता है।

The tender accepting authority on behalf of President of India also reserves the right to alter the scope/ or reduce quantum of work before issue of work order and the tenderer shall not have any claim what so ever on this account.

12. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निविदा स्वीकार करने वाले प्राधिकरण के पास पूर्णत: अथवा निविदा के किसी भाग को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है तथा निविदाकार उद्धृत मूल्य पर कार्य करने के लिए बाध्य होगा।

The tender accepting authority on behalf of President of India reserves the right of accepting the whole or any part of the tender and the tenderer shall be bound to perform the same at the rate quoted.

13. निविदा के संबंध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी प्रचार कड़ाई से निषिद्ध है और प्रचार करने का प्रयास करने वाले संविदाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई निविदा निरस्त कर दी जाएगी।

Canvassing directly or indirectly, in connection with tender is strictly prohibited and the tenders submitted by the contractors who resort to canvassing will be liable for rejection.

14. निविदा स्वीकार करने वाले प्राधिकरण के पास सरकार द्वारा समय-समय पर जारी की जाने वाली नीतियों के अनुसार प्रस्तावों को प्राथमिकता देने का विकल्प सुरक्षित है।

The tender accepting authority reserves the option to give preferences to the offers in accordance with the policies of the Government from time to time.

15. निविदाकार को उस विशेष केंद्र के किसी प्रभाग में निविदा जमा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जिसमें संविदा देने और उसके कार्यान्वयन हेतु जिम्मेदार कार्यरत व्यक्ति उसका कोई नजदीकी रिश्तेदार है। उसे उन व्यक्तियों के नाम भी सूचित करने होंगे, जो अंतरिक्ष विभाग में कार्यरत किसी राजपत्रित अधिकारी के नजदीकी रिश्तेदार हैं तथा उसके साथ किसी भी क्षमता में काम कर रहें हैं या उसके यहां कार्यरत हैं। संविदाकार द्वारा इस शर्त का उल्लंघन करने पर उसके द्वारा प्रस्तुत की गई निविदा रद्द कर दी जाएगी तथा संविदा निरस्त हो जाएगी।

The contractor shall not be permitted to tender for works in the Division of that particular Centre of the Department responsible for award and execution of contracts for which his/her near relative is working. He/she shall also intimate the names of persons who are working with him in any capacity or are subsequently employed by him and who are near relatives to any Gazetted Officer in the Department of Space. Any breach of this condition by the contractor would render him liable for rejection of tender or cancellation of contract.

16. निविदा, उपर्युक्त पैरा 1 के अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि से कम से कम 120 दिनों तक मान्य होनी चाहिए। यदि कोई निविदाकार मान्य अवधि के अंदर अपना प्रस्ताव वापस लेता है या निविदा की शर्तों एवं निबंधनों में कुछ परिवर्तन करता है जो विभाग को स्वीकार नहीं हैं, तो सरकार बिना किसी अधिकार या उपाय पर कोई पक्षपात किए बिना बयाना जमा राशि का 50% (पचास प्रतिशत) का जुर्माना लगाने का अधिकार रखती है। आगे, निविदाकार को कार्य की पुनर्निविदा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

The tender should be valid for minimum period of 120 days from the due date of receipt of the tender specified in Para 1 above. If any tenderer withdraws the offer within the validity period or makes any modifications in the terms and conditions of the tender which are not acceptable to the Department, the Government shall without prejudice to any other right or remedy, be at liberty to forfeit 50% (Fifty Percent) of the Earnest Money Deposit absolutely. Further, the tenderer shall not be allowed to participate in the re-tendering process of the work.

17. निविदा पूरी होने पर, सफल निविदाकारों के साथ एक करार किया जाएगा।
On concluding the tender, an agreement shall be drawn with the successful tenderer.

18. इस एनआईटी को इसरो वेबसाइट **www.isro.gov.in** में भी प्रदर्शित किया गया है।
This NIT is also displayed in ISRO web site **www.isro.gov.in**

**समूह प्रधान, सीएमजी**
**Group Head, CMG**